अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

14 MARCH 2024

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams


Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **गुजरात में भारत की पहली ऑटोमोबाइल इन-प्लांट रेलवे साइडिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया**




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर में मारुति सुजुकी इंडिया के प्लांट में भारत की पहली ऑटोमोबाइल इन-प्लांट रेलवे साइडिंग परियोजना का उद्घाटन किया.
- यह रेलवे साइडिंग प्रोजेक्ट मारुति और गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (जी-राइड) के बीच एक सहयोगात्मक पहल है.

2. **SIPRI के लेटेस्ट डेटा के अनुसार, 2019-2023 के बीच भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक देश है**



- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के लेटेस्ट डेटा के अनुसार, 2019-2023 के बीच भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक देश है.
- साल 2019 और 2023 के बीच, भारत ने कुल वैश्विक हथियार आयात का 9.8% आयात किया.
- भारत के बाद सऊदी अरब, कतर, यूक्रेन, पाकिस्तान, जापान, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और चीन हैं.
- **स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट-**
- 'सिपरी' में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान है.
- गठन : 6 मई 1966
- संस्थापक : टेज एरलैंडर, अल्वा मायर्डल
- मुख्यालय : सोलना (स्वीडन)
- प्रमुख : स्टीफ़न लोफ़वेन

3. **ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने क्षेत्रीय एयरलाइन सेवा फ्लाई91 का उद्घाटन किया**




- केंद्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने एक क्षेत्रीय एयरलाइन सेवा फ्लाई91 का उद्घाटन किया और गोवा में मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप समूह के बीच पहली उड़ान को झंडी दिखाई.
- एयरलाइन फ्लाई91 18 मार्च को वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करेगी.
- फ्लाई91 गोवा से संचालित एयरलाइन है, इसके एमडी और सीईओ मनोज चाको है.

4. **थाईलैंड में आठ आँखों और पैरों वाली एक नई बिच्छू प्रजाति की खोज की गई**



- थाईलैंड के कैंग क्रचन नेशनल पार्क में शोधकर्ताओं की एक टीम ने आठ आंखों और पैरों वाली बिच्छू की एक नई प्रजाति की खोज की है।
- उन्होंने इस प्रजाति के तीन वयस्क नर और एक वयस्क मादा पर अध्ययन किया।
- थाईलैंड के केंग क्रचन नेशनल पार्क के नाम पर इन बिच्छुओं का नाम यूस्कॉर्पियोप्स क्रंचन रखा गया है।
- इस प्रजाति के बिच्छुओं में उच्च स्तर की स्थानिकता के साथ सीमित वितरण सीमाएँ होती हैं।
- अध्ययन के अनुसार, थाईलैंड में रिपोर्ट की गई सभी बिच्छू प्रजातियों को उनके निवास स्थान के लिए स्थानिक माना जाता है।

5. **यशस्वी जयसवाल ने फ़रवरी 2024 के लिए ICC प्लेयर ऑफ मंथ का पुरस्कार जीता**



- इंग्लैंड के खिलाफ 712 रन बनाने वाले यशस्वी जयसवाल को फरवरी के लिए ICC 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है।
- उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में किसी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है।
- जयसवाल ने राजकोट में अपने दोहरे शतक के दौरान एक पारी में सर्वाधिक छक्कों (12) के टेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

6. **DRDO द्वारा मिशन दिव्यास्त्र (अग्नि 5) का सफलतापूर्वक संचालन**



- DRDO ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।
- 'मिशन दिव्यास्त्र' नाम वाला यह उड़ान परीक्षण ओडिशा के डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।
- MIRV को अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन द्वारा विकसित किया गया है।
- हथियार प्रणाली का परीक्षण 3,550 किलोमीटर की सीमा के भीतर किया गया था।

7. **जापानी वास्तुकार रिकेन यामामोटो ने प्रित्ज़कर पुरस्कार 2024 जीता**




- जापानी वास्तुकार रिकेन यामामोटो ने प्रित्ज़कर पुरस्कार 2024 जीता है
- प्रित्ज़कर पुरस्कार को "वास्तुकला का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है
- उन्हें 100,000 डॉलर और एक कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है
- 2023 में डेविड चिपरफ़ील्ड ने प्रित्ज़कर पुरस्कार जीता था
- **प्रित्ज़कर पुरस्कार-**
- यह एक अंतरराष्ट्रीय वास्तुकला पुरस्कार है
- एक जीवित वास्तुकार या वास्तुकारों को सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है

8. **तमिलनाडु सरकार ने 'नींगल नालामा' योजना शुरू की**




- तमिलनाडु राज्य सरकार ने सभी नागरिकों के स्वास्थ्य सूचकांक और सामाजिक कल्याण में सुधार लाने और उन्हें तमिलनाडु सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से नींगल नालामा योजना शुरू की है।
- इस योजना में सरकारी अधिकारी राज्य भर में लाभार्थियों तक पहुंचते हैं और तमिलनाडु सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के दौरान उनके सामने आने वाली किसी भी चुनौती या कठिनाइयों के बारे में पूछताछ करते हैं।
- इस योजना की निगरानी तमिलनाडु के कल्याण विभाग द्वारा की जाएगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि यह विभिन्न योजनाओं के संबंध में तमिलनाडु के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करे।

9. **श्रीनिवासन स्वामी को 2024 IAA गोल्डन कम्पास पुरस्कार मिला**




- एकीकृत विपणन सेवा कंपनी आरके स्वामी लिमिटेड के सीएमडी श्रीनिवासन के स्वामी को मलेशिया के पेनांग में आयोजित 45वें आईएए विश्व कांग्रेस में आईएए गोडेन कम्पास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- पेनांग के गवर्नर तुन अहमद फ़ूज़ी अब्दुल रज़ाक ने श्री स्वामी को पुरस्कार प्रदान किया।
- यह पुरस्कार उन लोगों को सम्मानित करता है जिन्होंने मार्केटिंग, विज्ञापन और मीडिया के क्षेत्र में विश्व मंच पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- यह पहली बार है जब यह पुरस्कार किसी भारतीय उद्योग नेता को दिया जा रहा है।

**10. भारतीय नाविक विष्णु सरवनन ने यूरोपा कप में स्वर्ण पदक जीता**



- भारतीय नाविक विष्णु सरवनन ने स्पेन के मैलोर्का में ILCA 7 श्रेणी में यूरोपा कप 2024 में स्वर्ण पदक जीता।
- कार्यक्रम का आयोजन रीयल क्लब नॉटिक पोर्ट डी पोलेंका द्वारा किया गया था। सरवनन 17 नेट अंकों के साथ 91-बोट रेस में शीर्ष पर रहे।
- ऑस्ट्रेलिया के लॉसन मैकऑले ने 22 नेट अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।
- ILCA7 ILCA-इंटरनेशनल लेजर क्लास एसोसिएशन सेलिंग क्लास के भीतर एक श्रेणी है।
- सरवनन लगातार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय नाविक बने।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **भारत की पहली ऑटोमोबाइल इन-प्लांट रेलवे साइडिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किस राज्य में किया गया?**
   (a) हिमाचल प्रदेश
   (b) हरियाणा
   (c) गुजरात
   (d) तमिलनाडु
2. **सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार, 2019-2023 के बीच दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक देश कौन है?**
   (a) चीन
   (b) पाकिस्तान
   (c) भारत
   (d) ईरान
3. **हाल ही में क्षेत्रीय एयरलाइन सेवा फ्लाई91 का उद्घाटन किसने किया?**
   (a) अमित शाह
   (b) एस जयशंकर
   (c) राजनाथ सिंह
   (d) ज्योतिरादित्य सिंधिया
4. **हाल ही में किस देश में आठ आँखों और पैरों वाली एक नई बिच्छू प्रजाति की खोज की गई है?**
   (a) थाईलैंड
   (b) वियतनाम
   (c) जापान
   (d) भारत
5. **हाल ही में फरवरी माह का ICC प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवार्ड' किसने जीता है ?**
   (a) एनाबेल सदरलैंड
   (b) यशस्वी जयसवाल
   (c) उपर्युक्त दोनों
   (d) इनमें से कोई नहीं
6. **किसके द्वारा मिशन दिव्यास्त्र का सफल ऑपरेशन किया गया है?**
   (a) NASA
   (b) DRDO
   (c) ISRO
   (d) कोई नहीं
7. **प्रित्ज़कर आर्किटेक्चर पुरस्कार 2024 किसे प्रदान किया गया है?**
   (a) रिकेन यामामोटो
   (b) यतिन भास्कर दुग्गल
   (c) टाइगर वुड्स
   (d) डॉ. प्रदीप महाजन
8. **किस राज्य सरकार ने राज्य के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य सूचकांक और सामाजिक कल्याण में सुधार लाने के उद्देश्य से नींगल नालामा योजना शुरू की है?**
   (a) केरल
   (b) तमिलनाडु
   (c) ओडिशा
   (d) आंध्र प्रदेश
9. **मार्च 2024 में 'IAA गोल्डन कम्पास अवार्ड' से किसे सम्मानित किया गया है?**
   (a) अमिताव घोष
   (b) विक्रम सेठ
   (c) झुंपा लाहिड़ी
   (d) श्रीनिवासन स्वामी
10. **भारत के विष्णु सरवनन ने स्पेन के मैलोर्का में ILCA 7 श्रेणी में यूरोपा कप 2024 में स्वर्ण पदक जीता। वह किस खेल से संबंधित है?**
   (a) नौकायन
   (b) टेनिस
   (c) बैडमिंटन
   (d) फ़ुटबॉल

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (c) | (d) | (a) | (b) | (b) | (a) | (b) | (d) | (a) |